हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 13 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 34.5 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 गोवर्धन गिरधारी, सुध लेना हमारी...



12 अवैध शराब बिक्री में संलिप्ता मिली तो ठेका होगा सील



# चंडीगढ़, दिल्ली व अध्योध्या के बाद अहमदाबाद और जम्मू की तैयारी

## सीएम नायब सैनी ने हिसार से जयपुर हवाई यात्रा का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को वर्चुवली महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे हिसार से जयपुर के लिए हवाई सेवाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आज यह नई उड़ान की शुरुआत नहीं, बल्कि हरियाणा के विकास, क्षेत्रीय समावेशन और आधुनिक कनेक्टिविटी की दिशा में एक अहम कदम है। हवाई सेवाओं में बढ़ती प्रदेश की पहचान हरियाणा के आत्मनिर्भर, प्रगतिशील और समावेशी भविष्य की नींव का पत्थर साबित होगी। कृषि प्रधान प्रदेश ने अब हरियाणा ने हवाई यात्रा का विकास कर एयर कनेक्टिविटी में भी अपनी पहचान बनाई है। इसी साल 14 अप्रैल को पीएम मोदी ने यहां से अयोध्या की उड़ान के साथ महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का शुभारंभ व दूसरे टर्मिनल भवन का शिलान्यास किया था। 9 जून को हिसार-चंडीगढ़-हिसार हवाई सेवाओं का शुभारंभ भी किया गया। जल्द ही से अहमदाबाद व जम्मू के लिए हवाई सेवा शुरू होगी।

### आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिसार हवाई अड्डे को डीजीसीए के सहयोग से आधुनिक तकनीकों और सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। यह एयरपोर्ट आज क्षेत्रीय संपर्क के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभर रहा है। यहां डॉपलर वीओआर प्रणाली की स्थापना की है। इससे उड़ानों के संचालन के लिए न्यूनतम दृश्यता पांच हजार मीटर से घटकर 2800 मीटर हो गई है। अब यहां खराब मौसम में भी उड़ानों का संचालन सुगमता से हो सकेगा। हवाई अड्डे पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम भी स्थापित किया जा रहा है। इससे एयरपोर्ट पर रात के समय में भी हवाई जहाज लैंडिंग कर सकेंगे।



**हिसार हवाई अड्डा जल्द बनेगा दिल्ली का विकल्पः मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार इसे भविष्य में एक पूर्ण, आधुनिक व अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने को प्रतिबद्ध है। आधुनिक एटीसी टॉवर, नए टर्मिनल, कार्गो कॉम्प्लेक्स, अग्निशमन केंद्र, प्रशासनिक भवन, पार्किंग व अन्य सुविधाओं विकसित होंगी। हिसार हवाई अड्डा दिल्ली का विकल्प बनेगा। इस मौके पर मंत्री रणबीर गंगवा, सीएस अरुण कुमार गुप्ता, अमनीत पी. कुमार, नरहरि सिंह बांगड़ व वर्षा खांगवाल उपस्थित रहे।

### हिसार को हवाई सेवा, औद्योगिक, लॉजिस्टिक और निवेश केंद्र के रूप में करेंगे विकसित

मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल हवाई सेवा ही नहीं, हिसार को एक औद्योगिक, लॉजिस्टिक और निवेश केंद्र के रूप में विकसित करने का सरकार का सपना अब साकार हो रहा है। 28 अगस्त 2024 को हिसार को अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का हिस्सा बनाया। 20 अगस्त 2025 को इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर, हिसार के लिए स्टेट स्पोर्ट एग्रीमेंट और शेयरहोल्डर एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए। जिसका क्षेत्र दो हजार 988 एकड़ व अनुमानित लागत 4 हजार 680 करोड़ रुपये है और इससे एक लाख 25 हजार रोजगार पैदा होंगे। यह परियोजना, पूर्वी और पश्चिमी डेडिकेटड फ्रेट कॉरिडोर से जुडक़र हरियाणा को उद्योगों का प्रवेश द्वार बनाएगी।



## चालक व परिचालक ने बस में मिला पर्स लौटाकर दिखाई ईमानदारी

**हिसार।** हिसार से पनिहार मार्ग पर चलने वाली बस के चालक व परिचालक ने बस में मिला पर्स लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। बस के चालक महेन्द्र सिंह व परिचालक रामबिलास को बस मे एक पर्स मिला जिसमें 4918 रुपये थे। चालक व परिचालक ने कार्य शाखा में पर्स को शिनाख्त के बाद ड्यूटी इंस्पेक्टर श्रवण कुमार, प्रधान जोगेंद्र पंघाल व राजपाल डाटा के सामने सवारी को वापिस लौटाया। अधिकारियों ने दोनों की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### पीडब्ल्यूडी मंत्री ऑफिस पर प्रदर्शन आज

**हांसी।** पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन हांसी के पदाधिकारियों की मीटिंग प्रधान आरके शर्मा की अध्यक्षता में हुई। सचिव संदीप दलाल ने बताया कि प्रदेशभर के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर 13 सितंबर को हिसार में एकत्रित होकर मंत्री रणबीर गंगवा के कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं मगर सरकार उनको पूरा करने के लिए गंभीर नहीं है। जिससे आक्रोशित कर्मचारियों ने शनिवार को हिसार में मंत्री के आवास का घेराव करने का निर्णय लिया है।

### ध्यान सत्र कल, शांति व उत्सव विषय पर चर्चा

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 14 सितंबर को शांति व उत्सव विषय पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। सुबह से दोपहरतक होने वाले ध्यान सत्र में जीवन में शांति व उत्सव के महत्व को स्पष्ट कर ध्यान की विधियां सिखाई जाएंगी। कार्यक्रम के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि साधकों के मार्गदर्शन के लिए 23 से 28 सितंबर तक ओशो ध्यान उपवन में शिव शक्ति ध्यान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। 14 सितंबर के ध्यान सत्र में साधकों को आगामी छह दिवसीय शिविर की विस्तृत जानकारी भी साझा की जाएगी।

### नवरात्र महोत्सव 22 से एक अक्टूबर तक

**आदमपुर।** आदमपुर जय मां दुर्गा सेवा मंडल द्वारा इस बार 15वां नवरात्र महोत्सव 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक नवरात्र महोत्सव मैदान में आयोजित किए जाएंगे। आयोजक मंडल के सदस्य भजनलाल सोनी ने बताया कि कार्यक्रम प्रतिदिन रात 8 से 12 बजे तक चलेगा। इसमें राजस्थान, पंजाब हरियाणा, दिल्ली के गायक मां शेरावाली का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्वाला जी से लाई ज्योत से दीप प्रज्जवलित करके किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी को अलग- अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है। कार्यक्रम में आसपास आदमपुर व आसपास से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।



हिसार-घग्गर ड्रेन में आई दरार।



मिट्टी डालकर बंद किया गया रजबाहा।



बुड़ाक गांव में खराब हुई मूंग की फसल।



कुलाना गांव के खेतों में भरा पानी।



पानी से लबालब सुलखनी-मिर्जापुर रोड।

### जलभराव से लोग प्रभावित, जल निकासी के प्रबंधों को लेकर आपस में एक दूसरे से उलझ रहे गांव

# हिसार- घग्गर मल्टीपर्पज ड्रेन फिर टूटी, खेत जलमग्न


हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार-घग्गर मल्टीपर्पज ड्रेन में मानूसन सीजन में पानी लगातार क्षमता से अधिक चल रहा है और इस कारण ड्रेन बार-बार टूटी रही है। शुक्रवार को गांव टोकस पातन के पास ड्रेन ओवरफ्लो होकर टूट गई। ड्रेन का पानी मुकलान रोड, भेरिया रोड व पातन रोड पाकर करके रावलवास, धीरणवास गांव की कॉलोनियां तक पहुंच गया। ड्रेन टूटने से प्रभावित ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोग राजनीति फायदे के लिए गांव व किसानों की जमीन को डूबाने के लिए ड्रेन को जानबूझकर तुड़वा रहे हैं। ड्रेन टूटने से हजारों एकड़ में फसलें जलमग्न हो गई। इसके अलावा जिले के कई गांवों में जलभराव के कारण हालात बिगड़े हुए है। जल निकासी को लेकर कुछ गांवों में विवाद से होने लगे हैं।

बुगाना-धांसू रजबाहे को धांसू गांव में रोका, दो गांवों में विवाद

क्षेत्र में राणा नहर से निकलने वाले बुगाना-धांसू रजबाहे को धांसू गांव के कुछ ग्रामीणों ने मिट्टी डालकर बीचोबीच बंद कर दिया। इस पर बुगाना गांव के किसानों ने कड़ा विरोध जताते हुए पानी निकासी और रजबाहा तुरंत खुलवाने की मांग की है। बुगाना गांव के ग्रामीणों शिव कुमार, रणबीर और कुलदीप ने आरोप लगाया कि रजबाहा बंद करने से जलभराव का खतरा और बढ़ जाएगा।

वहीं धांसू गांव के ग्रामीणों का कहना है कि रजबाहे से उनके खेतों में पानी भर जाता है, फसलें खराब हो रही हैं और घरों तक पानी घुसने लगा है। इसी कारण रजबाहा मिट्टी डालकर बंद किया गया। स्थिति बिगड़ती देख सिंचाई विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राणा नहर से निकलने वाले शटर को बंद करवा दिया और अस्थायी रूप से पानी की सप्लाई रोक दी। बुगाना गांव के लोगों की मांग है कि जब तक रजबाहा पूरी तरह से नहीं खोला जाता, तब तक पानी की सप्लाई बंद रखी जाए। साथ ही गांव में जमा पानी को निकालने के लिए बीटी पाइप उपलब्ध करवाए जाएं।



हिसार। मिर्जापुर में तोड़ा गया खाल व उससे बहता पानी।

### जलभराव से बीमारी फैलने का खतरा

कुलाना व खरड़-अलीपुर में जलभराव से बीमारियां फैलने का ख़तरा जिले के ग्राम कुलाना और खरड़-अलीपुर इन दिनों जलभराव से जूझ रहे हैं। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि सैकड़ों घरों में पानी भर गया है और लोग पलायन करने को मजबूर हैं। फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। विश्व मानवाधिकार एवं सुरक्षा आयोग के आजीवन सदस्य डॉ संदीप सिंहमार व अन्य ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल बरसात का पानी नहीं है, बल्कि पीछे के गांवों का अतिरिक्त पानी और हांसी शहर के सीवरेज का गंदा पानी भी ड्रेनों के माध्यम से यहां पहुंच रहा है। जानकारी के बावजूद प्रशासन ने अब तक न तो पानी निकासी की व्यवस्था की गई है और न ही कोई राहत कार्य शुरू हुए हैं। गांवों के लोग आरोप लगा रहे हैं कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी मौके पर नहीं पहुंचीं, जबकि जलभराव के कारण बीमारियों और बीमारी फैलने का गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

### मिर्जापुर की कई ढाणियों में भरा पानी

गांव मिर्जापुर में बीती रात शरारती तत्वों ने नहरी खाल को तोड़ दिया। टूटे हिस्से से भरा हुआ बरसाती पानी दक्षिण दिशा की ओर बह गया और करीब 20 ढाणियों को अपनी चपेट में ले लिया। पानी घरों और खेतों में घुस जाने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से बनी इस खाल के कारण उत्तर दिशा में भरा बरसाती पानी रुका हुआ था और उनकी ढाणियां सुरक्षित थीं। लेकिन किसी ने जानबूझकर खाल को तोड़ दिया, जिससे पानी खेतों और घरों में घुस गया। खेतों में खड़ी फसलें डूब गईं और ढाणियों में रखा सामान भी खराब हो गया। गांव के नरेश पंच, रामअवतार, रामनिवास, मनोज राणा, सुरेंद्र और नरेंद्र समेत कई किसानों ने कहा कि यह घटना किसी रंजिश के चलते कराई गई है, ताकि उनकी फसलों और ढाणियों को नुकसान पहुंचे। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस घटना की जांच कर जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही खेतों और ढाणियों में जमा पानी की निकासी की गुहार भी लगाई है। उधर, जिले के गांव बुड़ाक में भारी बारिश एवं जलभराव के चलते खेतों में खड़ी मूंग की फसल का काफी नुकसान हो गया है। मूंग की फली पानी के कारण फूल गई है और दाना भी कच्चा होने के कारण गलन से खराब हो गया है।

### किसान संगठन 15 को घेरेंगे डीसी ऑफिस

**आदमपुर।** क्षतिग्रस्त मकान का पांच लाख रुपये मुआवजा, बर्बाद फसलों का 50 हजार रुपये प्रति एकड़ बीमा व मुआवजा, खेत मजदूर को उचित मुआवजा, जल भराव का स्थाई समाधान व किसान मजदूर की मांगों पर 15 सितंबर को डीसी आफिस का घेराव करेंगे। जिला सचिव सतबीर सिंह धायल ने तहसील के गांवों मल्लापुर, न्योली खुर्द, काजला, असरावा व कालीरावण में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक अधिकारी अपने कार्यालय मे न बैठकर फील्ड में जा रहे हैं, जबकि फील्ड में भी कोई काम नहीं हो रहा है। जिले में 50 से ज्यादा गांवों में पानी भरा हुआ और मकान गिरने के कगार पर हैं।



हिसार। पुलिस को जलभराव की जानकारी देते डॉ. आर कुमार।

## घर के सामने भरा पानी, किसी ने नहीं की सुनवाई, डॉक्टर ने बुला ली पुलिस

**हिसार।** एचएसवीपी विभाग की ओर से पानी निकालने के मामले में शुक्रवार दोपहर को विवाद हो गया। मेडिसिटी अस्पताल के वरिष्ठ डॉ. आर. कुमार ने विभाग की कार्रवाई को गलत बताते हुए मौके पर पुलिस को बुला लिया। बताया जा रहा है कि एचएसवीपी विभाग की ओर से जलभराव का पानी पाइपों से दूसरी तरफ डॉ. आर कुमार के घर के सामने निकाला जा रहा था। डॉक्टर ने स्वास्थ का हवाला देते हुए कर्मचारियों से किसी अन्य जगह की तरफ पानी निकालने को कहा। कर्मचारियों ने विभागीय आदेशों का हवाला देते हुए उनकी बात मानने से मना कर दिया। जिसके बाद डॉक्टर ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस बुला दी तथा पुलिस ने फिलहाल डॉक्टर के घर पानी निकालना बंद करवा दिया।

### बनभौरी पहुंचे विधायक, लिया जायजा

**बरवाला।** विधायक नरेश सेलवाल ने गांव बनभौरी का दौरा जलभराव का जायजा लिया। गांव की सैकड़ों एकड़ भूमि जलमग्न होने से किसान फसलें बचाने में असहाय हो गए हैं। बस्तियों में बने लोगों के घरों में गंदा पानी घुस चुका है। नवरात्रि निकट होने के बावजूद श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का कोई रास्ता नहीं बचा है। बनभौरी से सोथा रोड पर करीब 3 फीट पानी भरा होने से आवाजाही पूरी तरह बाधित हो चुकी है। प्रशासन व सरकार ने पानी निकासी के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की।



## दीवार में टकराई पहलवान से आल्टो डर में घर से भागा, स्टेशन पर मिला

- घर में खड़ी कार चलाते समय नौवीं के छात्र से हुआ हादसा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

गांव धिंगताना का 13 वर्षीय नौवीं कक्षा का नाबालिग छात्र एवं कुश्ती प्लेयर अचानक घर से लापता हो गया था। वह शाम को 4 बजे शाम को बिना बताए कहीं चला गया। देर शाम तक उसका कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने इसकी सूचना बरवाला पुलिस को दी। परिजन व पुलिस दोनों ने तलाश शुरू की। गुरुवार रात किसी ने फोन कर पुलिस को बताया कि वह रेलवे स्टेशन के बैंच पर बैठा है। इसके बाद जीआरपी और बरवाला पुलिस मौके पर पहुंची और अभिषेक को बरामद कर लिया और रात डेढ़ बजे परिजनों को भी इसकी सूचना दे दी। परिजनों ने इराहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि वह घर में ही खड़ी ऑल्टो कार चला रहा था। अचानक कार चलाते समय वह दीवार में भिड़ गई।

## ग्रुप-डी में नौकरी के नाम पर 2.40 लाख की ठगी, गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपी जोगिंद्र से 80 हजार रुपये किए बरामद।

**हिसार।** शहर थाना पुलिस ने ग्रुप–डी में नौकरी दिलाने के नाम पर 2 लाख 40 हजार रुपये की ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए फतेहाबाद के ढाणी सांचला निवासी जोगिंदर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 80 हजार रुपये बरामद किए हैं। जांच अधिकारी उप निरीक्षक मनमोहन सिंह के अनुसार 24 जुलाई 2024 को सेक्टर–14 निवासी बलजीत और पाबड़ा निवासी राहुल ने शिकायत दी थी कि जोगिंदर और उसके साथी रविन्द्र ने स्वयं को पुलिस में उप निरीक्षक बताकर ग्रुप–डी में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। आरोपियों ने अलग–अलग तारीखों पर 2.40 लाख रुपये वसूल लिए लेकिन नौकरी नहीं लगवाई। बाद में शिकायतकर्ताओं द्वारा पैसे मांगने पर आरोपियों ने बिना राशि वाले खाते का चेक दे दिया। पुलिस ने शिकायत पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज करके जांच करते हुए जोगिंद्र को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी रविन्द्र की तलाश जारी है।

## महिला ने अपने खाते में लगाया सरकारी चेक

- एचकेआरएन के तहत ब्लॉक को-आर्डिनेटर का देख रही थी काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

एचकेआरएन में लगी महिला कर्मी द्वारा तीन लाख का सरकारी चेक अपने खाते में लगा का मामला सामने आया है। सिविल लाइन पुलिस ने आजीविका मिशन की शिकायत पर सिवानी निवासी महिला कर्मी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जांच में पता चला है कि प्रीति ने 29 मार्च 2024 को कलस्टर संगठन के खाते का चेक जो नई पहल महिला ग्राम संगठन को भुगतान करना था, उसे अपने सेविंग अकाउंट नंबर में जमाकर लिया। इसके अलावा जुलाई में 2 लाख का चेक भी अपने खाते में जमा किया था। पता चलने पर विभाग ने उसे पूरी रकम जमा करवाने को कहा, परंतु प्रीति ने ऐसा नहीं किया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ब्लॉक कलस्टर को आर्डिनेटर थी प्रीति

भिवानी जिले के सिवानी मंडी निवासी प्रीति एचकेआरएन में 21 हजार मासिक वेतन पर लगी थी व ब्लॉक कलस्टर कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी थी। प्रीति ने स्वयं सहायता समूह के लिए आया एक लाख का चेक सरकार की बजाय अपने खाते में जमा करा दिया। विभाग द्वारा ऑडिट करने पर खुलासा हुआ कि दो लाख रुपये व चेक भी अपने खाते में जमा किए थे। फिलहाल विभाग ने एक लाख के गबन की शिकायत दी है।

## ई-रिक्शा की बैट्री फटने से घर में आग लगी लाखों का सामान स्वाहा

**हांसी।** सेठी चौक स्थित एक मकान के अंदर खड़ी ई-रिक्शा में लगीं बैटरी के फटने से घर में आग लग गई। जिससे ई-रिक्शा के आसपास रखा सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि समय रहते पड़ोसियों ने परिवार के सभी सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। सूचना पर दमकल की गाड़ी ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। हादसे के समय परिवार घर के एक कमरे में सो रहा था। बैटरी फटने के धमाके कसे परिवार की नींद खुली तो देखा कि घर के आंगन में खड़े ई-रिक्शा में आग लगी थी। परिवार के शोर मचाने पर पड़ोसियों ने दंपती व उसके तीन बच्चों को बाहर निकाला, लेकिन बैटरी से निकला जहरीला धुंआ चढ़ने से पति-पत्नी बेहोश हो गए। जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।



अस्पताल में उपचाराधीन मनोज व पूजा।

### धुंए से दंपत्ति बहोश, भर्ती

सेठी चौक निवासी मनोज ई-रिक्शा चलाता है। बृहस्पतिवार शाम ई-रिक्शा को बैटरी चार्ज करने के लिए रोजाना आंगन में खड़ा किया था। शुक्रवार सुबह अचानक बैटरी फटने से आग लग गई जिससे ई-रिक्शा तथा उसके आसपास रखा सामान जलकर राख हो गया। बैटरी का जहरीला धुंआ चढ़ने से मनोज व उसकी पत्नी पूजा बेहोश हो गए जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही। मनोज व उसके परिजनों ने आगजनी की घटना में हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन से सहायता की गुहार लगाई है।

### समस्याओं को लेकर विधायक सावित्री जिंदल से मिले सेक्टरवासी, सौंपा ज्ञापन

# अधिकारियों ने 10 दिन में समाधान का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सेक्टर 33 वासियों के प्रतिनिधिमंडल ने सेक्टर की दुर्दशा से अवगत करवाने के लिए विधायक एवं पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल से मुलाकात की। क्षेत्रवासियों ने विधायक से सेक्टर की समस्याओं के समाधान की मांग का ज्ञापन भी सौंपा।

प्रतिनिधि मंडल में वार्ड एक के पार्षद टीनू जैन, राजपाल नैन, वरुण बंसल, सूबेदार मनोज कुंडू, विनोद गोयल, डाक्टर देसराज, जगदीश गोदारा, सुभाष जागलान, राहुल भ्याण, प्रमोद अरोड़ा, नारायण चावला, दिनेश गोयल, अभिषेक गोदारा, मास्टर देवेंद्र कुंडू, मास्टर सुरेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। सेक्टर आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान राजपाल नैन ने बताया कि विधायक सावित्री जिंदल ने सेक्टर की समस्याओं को पूरी गंभीरता से सुना। सेक्टरवासियों के सामने ही उन्होंने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की संपदा अधिकारी आंचल भास्कर एचसीएस से बात की तथा उनको सेक्टर का दौरा कर सभी समस्याओं का अति शीघ्र समाधान करने के लिए कहा। विधायक ने कहा कि वो जल्द ही सेक्टर का दौरा करेंगी, उससे पहले समस्याओं का समाधान हो जाना चाहिए। पूर्व प्रधान राजपाल नैन ने बताया कि विधायक सावित्री जिंदल के निर्देश पर संपदा अधिकारी ने पूरी विभागीय टीम के साथ सेक्टर के हालात का जायजा लिया



### लंबित शिकायतें जल्द निपटाएं अधिकारीः एडीसी

- समाधान शिविरों में अब तक 5 हजार 526 शिकायतों का निपटारा

**हिसार।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए आरंभ किए गए समाधान शिविर के दौरान जून 2024 से अब तक जिला में कुल 7 हजार 853 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 5 हजार 526 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, 1750 शिकायतें विभागों द्वारा अस्वीकृत की गई, जबकि 330 शिकायतें वर्तमान में लंबित हैं। 228 शिकायतें नागरिकों के अनुरोध पर पुनः खोली गई है जबकि 17 शिकायतें विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन है। लघु सचिवालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभागार में आबकारी एवं कराधान विभाग की आयुक्त एवं सचिव असीमा बराड़ की अध्यक्षता में आयोजित वीसी के माध्यम से समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक जिला समीक्षा बैठक के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने यह जानकारी दी। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निपटान को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी गंभीरता के साथ लंबित शिकायतों का निपटारा करना तथा एक्शन टेकन रिपोर्ट समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर नगराधीश हरिराम, डीएसपी तनुज शर्मा, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।




रेगिस्तान में चलने वाले ऊंट की 3 पलकें होती हैं।


कबूतर के पंखों का वजन उनकी हड्डियों से अधिक होता है।

# संवारें डिजिटल सेक्टर में भविष्य, सीखें स्किल



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## भारी डिमांड

### ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिजाइन एंड डाटा विजुअलाइजेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

**ये स्किल अहम :** 1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

**डिजिटल कोर्सेज :** सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ्रकि डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

**जॉब ऑप्शन्स :** डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइजर, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिजाइनर, मोबाइल डिजाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिजाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूजर एक्सपीरियंस डिजाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजर, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

**टॉप रिक्रूटर्स :** एफएमसीजी (फ्रास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

## स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग उद्यमियों के लिए एक लाभदायक विकल्प होता है। इसमें वे अपने उत्पादों और सेवाओं को व्यापक रूप से प्रचार कर सकते हैं और अधिक ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। इस तरह से, उद्यमी संचार के लिए कम समय और पैसे खर्च करते हैं। डिजिटल सेक्टर युवा नए क्षेत्र में रोमांचक तरीके से काम कर सकते हैं। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है। आप अपने दौर के अनुसार उचित संसाधनों और उपकरणों के साथ काम कर सकते हैं जो आपको आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करते हैं। ऑनलाइन वर्क और प्लेटफॉर्म्स पर सुरक्षित रहना और जिम्मेदारी से काम करना आ जाता है।

## डिजिटल सेक्टर के ट्रेंड्स

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

---

प्रोफेशनल और टेक्निकल करियर की दिशा में ले जाता यह कोर्स

# ‘परफ्यूजन टेक्नोलॉजी’ से मेडिकल के क्षेत्र में बनाएं शानदार करियर, सैलरी भी अच्छी





विपुल शर्मा

मोटिवेशनल स्पीकर

मेडिकल साइंस के क्षेत्र में जहां हर विभाग का अपना अलग महत्व है, वहीं परफ्यूज़निस्ट की भूमिका दिल की सर्जरी जैसे जटिल ऑपरेशनों के दौरान जीवनरक्षक बन जाती है। परफ्यूजन टेक्नोलॉजी में बीएससी कोर्स युवाओं को मेडिकल क्षेत्र में एक प्रोफेशनल और टेक्निकल करियर की दिशा में ले जाता है। परफ्यूज़निस्ट हृदय शल्यचिकित्सा (हार्ट सर्जरी) जैसे ऑपरेशनों के दौरान हृदय-फेफड़ा मशीन चलाते हैं, जो सर्जरी के समय हृदय और फेफड़ों की जगह कार्य करती है। वे सर्जरी के दौरान रक्त प्रवाह, ऑक्सीजन स्तर और दवाओं का संतुलन बनाए रखने में विशेषज्ञ होते हैं। हृदय और फेफड़ों के प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) में परफ्यूज़निस्ट की भूमिका अनिवार्य होती है, जबकि गुर्दा (किडनी) या यकृत (लिवर) प्रत्यारोपण में भी उनकी आवश्यकता हो सकती है। इसके अतिरिक्त, हृदय और धमनियों से जुड़ी ऑन्को-सर्जरी (कैंसर सर्जरी) में भी आवश्यकता पड़ने पर परफ्यूज़निस्ट की सेवाएं ली जाती हैं। इस क्षेत्र में किसी भी युवा के लिए करियर बनाना बेहतरीन तरीका हो सकता है। इसकी बहुत डिमांड रहती है। यदि आप भी इस क्षेत्र में करियर आजमाना चाहते हैं तो आप एक चार साल का कोर्स कर परफ्यूज़निस्ट की भूमिका निभा सकते हैं। यह आपके करियर को चार चांद लगा सकता है। साथ आप मरीज की धड़कनों से रूबरू हो सकते हैं। इसलिए हर युवा इस क्षेत्र में अपना भाग्य आजमा सकता है।

> **हृदय और फेफड़ों के ट्रांसप्लांट में परफ्यूज़निस्ट की भूमिका अनिवार्य, लोगों की धड़कनों के करीब रहने वाला करियर**

## कोर्स की योग्यता

- इस कोर्स में प्रवेश के लिए छात्रों को 12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी/ गणित के साथ) न्यूनतम 50/55% अंकों से पास होना जरूरी है। सरकारी संस्थानों में केवल प्रवेश परीक्षा (**Entrance Test**) के आधार पर ही दाख़िला होता है।

## प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता दाख़िला



## यहां मिलेंगे नौकरी के अवसर

इस कोर्स के बाद छात्र कार्डियक सर्जरी विभागों, मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स, आईसीयू यूनिट्स और हार्ट रिसर्च सेंटर में काम कर सकते हैं। सरकारी और निजी दोनों ही सेक्टर में इस प्रोफेशन की मांग लगातार बढ़ रही है।

## प्रमुख संस्थान जहां से कर सकते हैं कोर्स

- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश
- जवाहरलाल आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुदुच्चेरी
- पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ (स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़)
- पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, रोहतक (स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक)
- अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ एंड रिसर्च, कोच्चि (अमृता आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, कोच्चि)
- यू. एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर, अहमदाबाद (यू. एन. मेहता हृदय रोग एवं अनुसंधान केंद्र, अहमदाबाद)
- क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर

## निष्कर्ष

परफ्यूजन टेक्नोलॉजी मेडिकल क्षेत्र का वह विशेष हिस्सा है जो सर्जरी के दौरान मरीज की जान बचाने का कार्य करता है। अगर आप टेक्निकल ज्ञान के साथ मेडिकल सेवाओं में रुचि रखते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसमें स्किल्स और अनुभव के साथ करियर की ऊंचाइयों तक पहुंचने के अवसर मौजूद हैं।

## यह मिल सकता है वेतनमान

- क्षेत्र में शुरुआती वेतनमान 40,000 से 45,000 प्रतिमाह होता है। अनुभव के साथ यह वेतन 1,00,000 से 1,50,000 प्रतिमाह तक पहुंच सकता है। विदेशों में परफ्यूज़निस्ट की बहुत अधिक मांग और आकर्षक वेतन पैकेज होता है।
- **B.Sc in Perfusion Technology** की अवधि 4 वर्ष की होती है, जिसमें अंतिम वर्ष में इंटर्नशिप शामिल रहती है। कोर्स में थ्योरी, सर्जिकल एक्सपोज़र व क्लीनिकल ट्रेनिंग का समावेश होता है। यह आपके लिए एक बेहतर अवसर हो सकती है।

### क्या है टेक्नोलॉजी

- यह चिकित्सा विज्ञान की वह शाखा है जो प्रक्रियाओं के दौरान हृदय और फेफड़ों के कार्य का समर्थन करने और संभालने के लिए उपकरणों का उपयोग करती है।
- यह तकनीक हृदय-फेफड़े की मशीन (हार्ट-लंग मशीन) और अन्य जीवन रक्षक प्रणालियों जैसे कि **IABP**, **LVAD**, **RVAD** और **ECMO** के संचालन पर केंद्रित है।
- इसका मुख्य उद्देश्य सर्जरी के दौरान रोगी के शरीर में पर्याप्त ऑक्सीजनेशन (ऑक्सीजन का संचार) और परिसंचरण (रक्त प्रवाह) सुनिश्चित करना है।
- परफ्यूजन टेक्नोलॉजिस्ट सर्जिकल टीम का सदस्य होता है।
- हृदय और फेफड़ों की सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन और उपकरणों को संचालित करते हैं।
- वे रोगी की शारीरिक स्थिति की निगरानी करते हैं और सर्जरी के दौरान आवश्यक दवाओं और रक्त उत्पादों का प्रशासन सुनिश्चित करते हैं।

## इसलिए कर सकते हैं कोर्स

- परफ्यूज़न टेक्नोलॉजी का कार्डियोलॉजी से गहरा संबंध है, क्योंकि यह हृदय संबंधी उपचारों और प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परफ्यूज़निस्ट, कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग (सीएबीजी) या वाल्व रिप्लेसमेंट जैसी सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन का प्रबंधन करने के लिए हृदय रोग विशेषज्ञों और हृदय शल्य चिकित्सकों के साथ मिलकर काम करते हैं, जहाँ वे रक्त का उचित संचार और ऑक्सीजनीकरण सुनिश्चित करते हैं।
- यह सहयोग कार्डियोलॉजी में महत्वपूर्ण है, जहां सटीक और कुशल परफ्यूजन तकनीक हृदय शल्य चिकित्सा और अन्य हृदय संबंधी हस्तक्षेपों की सफलता को सीधे प्रभावित करती है।
- **मांग में पेशे:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी स्नातक आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर हैं, विशेष रूप से हृदय शल्य चिकित्सा और हृदय-फेफड़े की मशीनों से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रियाओं में।
- **विशिष्ट कौशल सेट:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी छात्रों को सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन जैसे जीवन रक्षक उपकरणों को संचालित करने के लिए तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल से लैस करती है।
- **विविध कैरियर के अवसर:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी स्नातक अस्पतालों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों में काम कर सकते हैं, या कार्डियोवैस्कुलर विज्ञान या संबंधित क्षेत्रों में आगे की पढ़ाई कर सकते हैं।

---

# लोगों और जानवरों के लिए हाथ बढ़ाएं भारत को आपदा प्रबंधन में सशक्त बनाएं



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश है जहां प्रकृति की सुंदरता और विविधता के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाएं भी आती हैं। बाढ़, भूकंप, चक्रवात, सूखा और भूस्खलन जैसी आपदाएं हर साल लाखों लोगों और जानवरों के जीवन को प्रभावित करती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप, एक युवा और ऊर्जावान छात्र के रूप में, इन आपदाओं में बदलाव ला सकते हैं? आपकी छोटी-छोटी कोशिशें न केवल लोगों और जानवरों की जान बचा सकती हैं, बल्कि भारत को आपदा प्रबंधन में सशक्त भी बना सकती हैं। यह लेख आपको प्रेरित करने के लिए है कि कैसे आप आपदा पर्यावरण में मदद कर सकते हैं, लोगों और जानवरों के लिए सहायता का हाथ बढ़ा सकते हैं, और आपदा प्रबंधन के महत्वपूर्ण कौशल विकसित कर सकते हैं।

## एक पोस्ट बचा सकती हैं हजारों जिंदगियां

**आपदा में सहायता की आवश्यकता क्यों? :** भारत में हर साल प्राकृतिक आपदाएं लाखों लोगों को प्रभावित करती हैं।

**पंजाब की वर्तमान स्थिति और छात्रों की भूमिका:** जागरूकता और सावधानियां फैलाकर योगदान दें। प्रिय छात्रों, आज का समय चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह आपके जैसे युवा योद्धाओं के लिए अवसर है कि आप अपनी शक्ति से बदलाव लाएं। सितंबर 2025 में, पंजाब भयंकर बाढ़ की चपेट में है। भारी बारिश ने नदियों को उफान पर ला दिया है, हजारों लोग बेघर हो गए हैं, स्कूल-कॉलेज बंद हैं, और लाखों प्रभावित हैं। गांव डूबे हुए हैं, सड़कें जलमग्न हैं, और जीवन अस्त-व्यस्त है। लेकिन याद रखो, हर संकट में एक नई शुरुआत छिपी होती है। आप, छात्रगण, घर बैठे भी इस लड़ाई में शामिल हो सकते हैं – सोशल मीडिया के माध्यम से। सोशल मीडिया आपका हथियार है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स , और व्हाट्सएप पर अपनी आवाज बुलंद करो। जागरूकता फैलाओ, सावधानियां साझा करो, और लोगों को प्रेरित करो। तुम्हारी एक पोस्ट हजारों जिंदगियां बचा सकती है।

**जागरूकता फैलाएं:** बाढ़ की ताजा खबरें शेयर करें – सरकारी अलर्ट, बचाव कार्यों की अपडेट्स। पोस्ट में लिखें। पंजाब की बाढ़ में हम सब साथ हैं। जानकारी बचाएगी जान। हैशटैग जैसे **#PunjabFloods**2025, **#StaySafePunjab** इस्तेमाल करें। अपनी स्टोरी में वीडियो बनाओ जहां तुम बताओ कि बाढ़ क्यों आई और कैसे रोक सकते हैं।

**सावधानियां सिखाएं:** लोगों को बताओ कि बाढ़ में क्या करें और क्या न करें। उदाहरण-

- ऊंचे स्थानों पर जाएं, बाढ़ के पानी में न उतरें – यह जानलेवा हो सकता है।
- साफ पानी पिएं, उबला पानी इस्तेमाल करें ताकि बीमारियां न फैलें।
- बिजली के तारों से दूर रहें, और बच्चों को पानी के पास न खेलने दें।
- आपातकालीन नंबर (112 या स्थानीय हेल्पलाइन) शेयर करें।

अपनी पोस्ट में कहो, एक छोटी सावधानी, बड़ा बचाव! आओ, मिलकर पंजाब को मजबूत बनाएं।

**प्रेरणा दें:** दान अभियान शुरू करो – राहत सामग्री, दवाइयां, या फंडरेजर। अपनी क्लासमेट्स को जोड़ो, ग्रुप बनाओ। कहो: ॽहम छात्र हैं, हम बदलाव हैं! आज की आपदा कल की मजबूती बनेगी।

## सोशल मीडिया से क्रांति लाओ

घर बैठे सोशल मीडिया से क्रांति लाओ। तुम्हारी जागरूकता से कोई परिवार बचेगा, कोई गांव सुरक्षित होगा। उठो, पोस्ट करो, और दुनिया को दिखाओ कि युवा शक्ति क्या कर सकती है। जय हिंद, जय पंजाब। छात्रों के रूप में, आपके पास समय, ऊर्जा और सीखने की क्षमता है। आप न केवल तत्काल सहायता प्रदान कर सकते हैं, बल्कि दीर्घकालिक समाधान भी विकसित कर सकते हैं। महात्मा गांधी ने कहा था, “विश्व में जो बदलाव आप देखना चाहते हैं, वह स्वयं बनें।” आपदा प्रबंधन में आपका योगदान भारत को अधिक सुरक्षित और लचीला बना सकता है। यह न केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी है, बल्कि आपके व्यक्तिगत विकास और नेतृत्व कौशल को बढ़ाने का अवसर भी है।

आपदा में लोगों और जानवरों की मदद कैसे करें? आपदा के समय सक्रिय होना सबसे महत्वपूर्ण है। यहां कुछ व्यावहारिक और प्रभावी तरीके दिए गए हैं जिनसे आप मदद कर सकते हैं:

**स्वयंसेवी कार्यों में भाग लें :** लोगों की मदद: स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) जैसे रेड क्रॉस, गो ग्रीन, या अन्य राहत संगठनों से जुड़ें। आपदा के दौरान राहत सामग्री जैसे भोजन, पानी, दवाइयां, कंबल और कपड़े वितरित करने में मदद करें। उदाहरण के लिए, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में सहायता करें या अस्थायी आश्रय स्थलों में उनकी देखभाल करें।

**जानवरों की सहायता:** आपदाओं में पशु भी उतने ही प्रभावित होते हैं जितने लोग। आवारा कुत्तों, बिल्लियों, या अन्य पशुओं को भोजन और पानी प्रदान करें। पशु चिकित्सा कैंप में स्वयंसेवक बनें, जहां घायल जानवरों का इलाज होता है। संगठन जैसे पेटा इंडिया या ब्लू क्रॉस ऑफ इंडिया के साथ मिलकर काम करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्न में कौन सी भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है?
(ए) खड़ी बोली (बी) ब्रजभाषा
(सी) अवधी (डी) पालि

**2.** अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि से हुआ?
(ए) शारदा लिपि (बी) खरोष्ठी लिपि
(सी) कुटिल (डी) ब्राह्मी लिपि

**3.** हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?
(ए) गुरुमुखी (बी) ब्राम्ही
(सी) देवनागरी (डी)सौराष्ट्री

**4.** वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप है?
(ए) अवधी (बी) ब्रजभाषा
(सी) खड़ी बोली (डी) देवनागरी

**5.** हिन्दी भाषा की बोलियों के वर्गीकरण के आधार पर छतीसगढ़ी बोली है?
(ए) पूर्वी हिन्दी (बी)पश्चिम हिन्दी
(सी)पहाड़ी हिन्दी (डी)राजस्थानी

**6.** निम्नलिखित में से कौन सी पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है ?
(ए) बुन्देली (बी) ब्रजभाषा
(सी) कन्नौजी (डी) बघेली

**7.** भारतीय संविधान में किन अनुच्छेदों में राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख है ?
(ए)343-351 तक (बी)434-315 तक
(सी)443-135 तक(डी) 334-153 तक

**8.** दक्षिणी भारत हिन्दी प्रचार सभा का मुख्यालय कहां स्थित है ?
(ए) हैदराबाद (बी) बंगलौर
(सी) चेन्नई (डी)मैसूर

**9.** हिन्दी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन-सा है ?
(ए) पालि-प्राकृत-अपभ्रंश -हिन्दी
(बी) प्राकृत-अपभ्रंश-हिन्दी-पालि
(सी) अपभ्रंश-पालि-प्राकृत-हिन्दी
(डी) हिन्दी-पालि-अपभ्रंश-प्राकृत

**10.** संविधान के अनुच्छेद 351 में किस विषय का वर्णन है ?
(ए) संघ की राजभाषा
(बी) उच्चतम न्यायालय की भाषा
(सी) पत्राचार की भाषा
(डी) हिन्दी के विकास के लिए निर्देश

उत्तर 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(ए) 8. (सी)9. (ए) 10. (डी)

## खबर संक्षेप

### मनरेगा मजदूरों को दी अधिकारों की जानकारी

**नारनौंद।** ग्राम पंचायत लोहारी राघो में सोशल ऑडिट मनरेगा की ग्राम सभा का आयोजन गांव की चौपाल में किया गया। मनरेगा में काम करने वाले ग्रामीणों ने भी हिस्सा लिया। मनरेगा में काम करने वाले बिजेंद्र ने ग्राम सभा की अध्यक्षता की और बीआरपी टहल सिंह ने ग्राम सभा का संचालन किया। टहल सिंह ने मनरेगा योजना के बारे में मजदूरों को जानकारी दी एवं उनके कार्यो व अधिकारों के बारे में बताया गया।

### मजदूरों के बोर्ड का पोर्टल खोलने की उठाई मांग

**बरवाला।** सरकार मजदूरों के बोर्ड का पोर्टल खोलकर लाभ प्रदान करें और प्रदेश के निर्माण मजदूर 17 सितम्बर को रोहतक में मुख्यमंत्री का विरोध करेंगे। उक्त निर्णय संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा की बैठक में विचार विमर्श करने के बाद लिया गया। संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा के इन नेताओं ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश व ड्रेन या नहर टूटने से बाढ़ के हालात बने है। जिसके चलते आम जन को अपने घर छोड़ने पड़े है।

### पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह 14 को आदमपुर आएंगे

**आदमपुर।** हिसार के पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह 14 सितंबर को आदमपुर में नलवा, फतेहाबाद व आदमपुर विधानसभा हलके के कांग्रेस जनों के बीच पहुंचेगे। पार्टी नेता राजेश दलाल ने बताया कि अपने कांग्रेस जन अभियान के तहत विभिन्न विधानसभाओं में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचकर बृजेंद्र सिंह कांग्रेस संगठन की मजबूती बारे विचार विमर्श करेंगे। कांग्रेस नेता बीर सिंह दलाल द्वारा आयोजित किया जा रहा यह कार्यक्रम आदमपुर के उत्सव गार्डन में होगा।

### चिराग बने पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रधान

**हिसार।** भीम आर्मी जिला अध्यक्ष प्रदीप यादव व जिला प्रभारी अमित जाटव के नेतृत्व में भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन की तरफ से सर्वसम्मति से चिराग सैनी को गवर्नमेंट गुरु दक्ष पॉलिटेक्निक कॉलेज हिसार का नया प्रधान नियुक्त किया गया। इसके अलावा रिंकू सहारण को चेयरमैन और विजय को उप प्रधान नियुक्ति किया गया।

### आरपीएस पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# हमारी संस्कृति व पहचान की प्रतीक है हिंदी : डॉ. देसवाल

सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते विद्यालय निदेशक डॉ संदीप देसवाल, मुख्य अध्यापिका पूजा राणा व अन्य ।

आरपीएस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को हिंदी दिवस बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण देशभक्ति और मातृभाषा के सम्मान से सराबोर हो उठा।

इस अवसर स्कूली बच्चों ने हिंदी भाषा की महत्ता को दर्शाते हुए कविता पाठ, भाषण, नाटक, वाद-विवाद, गीत और नृत्य जैसी विविध प्रस्तुतियां दीं। छात्रों की रचनात्मकता और आत्मविश्वास ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. संदीप देसवाल ने कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें हिंदी के प्रयोग पर गर्व करना चाहिए और इसे जीवन के हर क्षेत्र में अपनाना चाहिए। मुख्य अध्यापिका पूजा राणा ने बच्चों को हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए प्रोत्साहित किया और इसे वैज्ञानिक तथा सरल भाषा बताया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।



नारनौंद। गांव भैणी अमीरपुर के सरकारी स्कूल में छात्राएं कार्यक्रम पेश करती हुई। फोटो : हरिभूमि

### भैणी अमीरपुर में हिंदी की गूंज

**नारनौंद।** हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भैणी अमीरपुर में हिंदी विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने विचारों की अभिव्यक्ति से समां बांध दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गांव के सरपंच प्रीतम सिंह लोहान ने शिरकत की। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए और सभी कार्य हिंदी भाषा में ही करने चाहिए।

# आरपीएस ने सीबीएसई फुटबॉल चैंपियनशिप में जीता ब्रॉन्ज मेडल

- राष्ट्रीय स्तर पर आरपीएस स्कूल की टीम को बेस्ट डिफेंडर का अवार्ड प्रदान किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सीबीएसई द्वारा आयोजित नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल की फुटबॉल टीम ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता भोपाल में आयोजित की गई, जहां विदेशों एवं देश से विभिन्न राज्यों व क्लस्टर की श्रेष्ठ टीम भाग लेने पहुंची थी।

रोमांचक मुकाबलों के बीच आरपीएस विद्यालय महेंद्रगढ़ की टीम ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना के बल पर तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय के खिलाड़ियों ने न केवल विद्यालय का मान बढ़ाया, बल्कि जिले और प्रदेश का नाम भी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। खिलाड़ियों के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन से विद्यालय तथा क्षेत्रवासियों में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ गई है। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव तथा प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने विजेता टीम और उनके कोच को बधाई दी।

# मानसून के मौसम में मसूढ़ों की विशेष देखभाल जरूरी : डॉ. निशा

- वातावरण में अधिक नमी के कारण बैक्टीरिया और फंगस इंफेक्शन की बढ़ने की रहती है आंशका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


डॉ. निशा।

डॉ. सचिन मित्तल एडवास डेंटिस्ट्री में कार्यरत्त पीरियो डॉन्टिस्ट डॉ. निशा ने बताया कि मानसून का मौसम अपने साथ ठंडक, नमी और ताजगी लाता है लेकिन साथ ही यह कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं को भी जन्म देता है।

इस मौसम में वातावरण में अधिक नमी के कारण बैक्टीरिया और फंगस इंफेक्शन की संभावना बढ़ जाती हैं। जिसका सीधा असर हमारे ओरल हेल्थ, खासकर मसूढ़ों पर पड़ सकता है। अगर समय रहते मसूढ़ों की उचित देखभाल न की जाए तो इससे सूजन, खून आना और पायरिया जैसी समस्याएं हो सकती हैं। मानूसून के मौसम में मसूढ़ों की देखभाल से जुड़ी कुछ जरूरी उपाय करने चाहिए। उन्होंने बताया कि मानसून में मसूढ़ों में अनेक प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं जिसमें मसूढ़ों में सूजन आना नमी और ह्यूमिडिटी के कारण बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं जिससे मसूढ़ों में सूजन आ सकती हैं।

डॉ. निशा ने मानसून में मसूढ़ों की देखभाल के उपायों के बारे में बताया कि दांतों की सफाई में लापरवाही न करें और दिन में दो बार ब्रश करें। सुबह और रात को सोने से पहले माइल्ड ब्रश और फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि माऊथवॉश का उपयोग करें। एंटीसेप्टिक माउथवॉश बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है और मुंह को साफ और तरोताजा रखता है।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में बनाई रेड रिबन मानव श्रृंखला

- अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस कैंपेन के तहत कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। मानव श्रृंखला बनाती महिला महाविद्यालय की छात्राएं।

राजकीय महिला महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस कैंपेन के तहत एचआईवी एड्स पर जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. सतबीर सांगा ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य छात्राओं एवं समाज को एचआईवी जैसी वैश्विक बीमारी की रोकथाम, सुरक्षित व्यवहार अपनाने तथा युवाओं की भूमिका के महत्व के प्रति जागरूक करना है। एचआइवी एड्स की जानकारी, भ्रांतियां, बचाव आदि थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीएससी सीएस की छात्रा भावना ने प्रथम स्थान, बीएससी फिजिकल साइंस की छात्रा किरण ने द्वितीय, बीएससी मेडिकल की छात्रा पायल और बीएससी मेडिकल की छात्रा ललित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं ने एक मानव श्रृंखला बनाई, जो लाल रिबन के आकार में थी।

# सेवा भावना से जुड़े युवा पीढ़ी : प्रो. काम्बोज

- हकृवि में 'सेवा प्रबोधन' कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में युवा एंड सेवा फाउंडेशन, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में 'सेवा प्रबोधन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो.बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में राहुल गोयल विशिष्ट अतिथि व शल्य चिकित्सक डॉ. मनोज शर्मा मुख्य वक्ता रहे।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि सेवा ही मानवता का मूल है इससे करुणा, सहानुभूति और भाईचारे की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को सेवा भावना से जुडने की जरूरत है। चाहे सामाजिक, आर्थिक व चिकित्सा का क्षेत्र हो, सभी क्षेत्रों में सेवा भाव का बहुत महत्व है। युवाओं को न केवल अपने लिए बल्कि राष्ट्र हित के लिए सेवा भावना के गुण को अपनाने की जरूरत है। सेवा समाज में सद्भावना, एकता और भाईचारा स्थापित करने का सबसे सशक्त माध्यम है। मुख्य वक्ता डॉ. मनोज शर्मा ने कहा कि सेवा प्रबोधन का मुख्य उद्देश्य लोगों में सकारात्मक सोच विकसित करना, सामाजिक उत्तरदायित्व जगाना, व्यक्तित्व विकास करना, सामाजिक एकता को बढ़ावा देना तथा लोगों में राष्ट्रीय चेतना जागृत करना है। समाज और राष्ट्र के प्रति नागरिकों को कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के लिए युवा और सेवा फाउंडेशन, हरियाणा अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, डॉ. रजनीकांत शर्मा, विनोद कुमार, सुभाष मेहरा, सहायक प्रोफेसर सुभाष चन्द्र, पूजा टंडन व कुलदीप उपस्थित रहे।

# जीवन में केवल समय-प्रबंधन ही नहीं समय-लेखा भी जरूरी : प्रो. ऋषिपाल

- गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में समय प्रबंधन विषय पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. ऋषिपाल को सम्मानित करते विभागाध्यक्ष डॉ. संजय परमार।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में आत्महत्या निवारण दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

'समय-प्रबंधन' विषय पर हुई इस कार्यशाला में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, गुरुग्राम के मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ऋषिपाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. ऋषिपाल ने कहा कि जीवन में केवल समय-प्रबंधन ही नहीं, बल्कि समय-लेखा भी अत्यंत आवश्यक है। समय एक अमूल्य संसाधन है, जिसे पूर्व निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए ही उपयोग में लाना चाहिए। युवावस्था विकास और आनंद, दोनों का संगम है। युवाओं को चाहिए कि वे समय का लेखा-जोखा रखते हुए समय-अपव्ययी कार्यों को पहचानें और अपने कीमती समय को सार्थक कार्यों में लगाएं। जीवन की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करके उसी दिशा में समय का सदुपयोग करना चाहिए।

### गोवर्धन गिरधारी, सुध लेना हमारी...

**हिसार।** उत्तम नगर में पितृ पक्ष के उपलक्ष्य में महिला संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन भगवान कृष्ण की बाललीला, गोवर्धन पूजा आदि प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा वाचक पं. यशोदानन्दन महाराज ने कहा कि जब कन्हैया सात वर्ष के थे तो उन्होंने सात कोस के गिरिराज को सात दिनों तक अपनी छोटी अंगुली पर उठाए रखा, तब गवाल-बालों ने शंका करते हुए पूछा कि हे कन्हैया तुममें इतना बल कहां से आ गया जो गोवर्धन पर्वत को अंगुली पर उठा लिया।

कथा के दौरान राम-बलराम व गोवर्धन की निकाली गई झांकी के अवसर पर गाए गए भजन गोवर्धन गिरधारी, सुध लेना हमारी, तेरी मुरली पे जाऊं बलिहार रसिया तथा श्याम तेरी बंसी बजे धीरे-धीरे .., पर श्रद्धालु झूम उठे। कथा में समाजसेवी संजीव शर्मा, बाबा त्रिलोचन सिंह, पूर्व पार्षद मनोहर लाल नांगरु, रमेश सैनी, हिमांशु नागपाल सहित सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया। कथा में रोजाना मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी।


हिसार। भागवत कथा के दौरान निकाली गई राम-बलराम की झांकी।

# चित्रकार सुरभि जांगड़ा का यूके की यूनिवर्सिटी में एमएफए के लिए चयन

- आधुनिक कला के क्षेत्र में की जाने वाली प्रयोगात्मक विश्व स्तरीय बारीकियां सीखेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


सुरभि जांगड़ा।

सुप्रसिद्ध कलाकार दंपति डॉ. राजेश जांगड़ा व डॉ. गीता जांगड़ा की पुत्री कुमारी सुरभि जांगड़ा का एमएफए करने के लिए यूनाइटेड किंगडम (यूके) की एलस्टर यूनिवर्सिटी, (बेलफास्ट) में चयन हुआ है।

सुरभि ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा भारती विद्या मंदिर स्कूल बरवाला से करने के उपरांत, विद्या देवी जिंदल स्कूल व जिंदल मॉडर्न स्कूल हिसार से 12 वी कक्षा उत्तीर्ण की है। इसके बाद सुरभि ने पंडित लख्मीचंद स्टेट विश्वविद्यालय रोहतक से बीएफए की डिग्री प्राप्त की। पढ़ाई के दौरान अनेक बार राज्य व राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं व कार्यशालाओं में भाग लेकर विश्वविद्यालय का व हरियाणा का नाम रोशन किया।

बीएफए करने के उपरांत यूके की यूनिवर्सिटी में प्रवेश के लिए आवेदन किया और यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सुरभि की आकर्षक पेंटिंग, पोर्टफोलियोव प्रभावी वक्तव्य को देखकर नॉर्दर्न आईलैंड की राजधानी बेलफास्ट में स्थित एलस्टर यूनिवर्सिटी ने प्रवेश के लिए अनुमति पत्र व पांच लाख की स्कॉलरशिप के साथ प्रवेश की अनुमति प्रदान की। सुरभि अब यूके में आधुनिक कला के क्षेत्र में की जाने वाली प्रयोगात्मक विश्व स्तरीय बारीकियां सीखेंगी।

सुरभि के माता-पिता, छोटी बहन व चाचा सभी चित्रकार व शिल्पकार हैं और पूरा परिवार कला के क्षेत्र से जुड़ा हुआ होने के कारण इन्हें कला के वाशिंक गुण भले ही परिवार से मिले हैं किंतु अपनी लगन व मेहनत के बल पर कला के क्षेत्र में पहचान हासिल की है।



हिसार। गुजवि में 'स्वागतम' में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### गुजवि में नवागंतुक विद्यार्थियों के सम्मान में हुई सांस्कृतिक संध्या 'स्वागतम'

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शुक्रवार की शाम को विश्वविद्यालय में नव आगंतुक विद्यार्थियों के सम्मान में सांस्कृतिक संध्या 'स्वागतम' का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने नव आगंतुक विद्यार्थियों के सम्मान में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में हिसार मंडल के आयुक्त अशोक गर्ग उपस्थित रहे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई, कुलसचिव डा. विजय कुमार व उनकी धर्मपत्नी रजनी शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन डीन स्टूडेंटस वेल्फेयर प्रो. मुकेश कुमार शर्मा के निर्देशन में किया गया।

### गुजवि के अंग्रेजी एवं विदेशी भाषाएं विभाग में इंडक्शन कार्यक्रम

# विदेशी भाषाओं का ज्ञान भी करें ग्रहण : डॉ. बिश्नोई

वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी विकसित करता है भाषाओं का ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। उद्घाटन करते विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉ. वंदना बिश्नोई।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉ. वंदना बिश्नोई ने कहा है कि विदेशी भाषाओं का ज्ञान न केवल संचार कौशल में सुधार करता है, बल्कि शानदार रोजगार पाने का भी एक उत्कृष्ट माध्यम है।

विदेशी भाषाओं का ज्ञान सांस्कृतिक क्षमता के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण को भी विकसित करता है। विद्यार्थियों को अपने देश की भाषाओं के साथ-साथ विदेशी भाषाओं का ज्ञान भी ग्रहण करना चाहिए। डॉ. वंदना बिश्नोई विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं विदेशी भाषाएं विभाग के सौजन्य से आयोजित पहले इंडक्शन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रही थी। अध्यक्षता विभागाध्यक्षा डा. प्रियंका सिंगला ने की। प्रोक्टर प्रो. अनिल भानखड़ व पीडीयूआईआईसी के उपनिदेशक प्रो. विमल के. झा भी उपस्थित रहे।

डॉ. प्रियंका सिंगला ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि भाषा अधिग्रहण नहीं है, बल्कि एक अंतर्सांस्कृतिक यात्रा की शुरुआत है जो दुनिया के लिए द्वार खोलती है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम विभाग के विद्यार्थियों को 21वीं सदी के वैश्विक परिदृश्य में आत्मविश्वास से कदम रखने के लिए तैयार करने के दृष्टिकोण की प्रस्तुति है।

### पाठ्यक्रमों पर डाला प्रकाश

*फ्रेंच पाठ्यक्रम की समन्वयक डॉ. पल्लवी ने विदेशी भाषा पाठ्यक्रमों पर प्रकाश डाला। फ्रेंच भाषा प्रशिक्षक डॉ. नीतू तथा जर्मन भाषा प्रशिक्षक स्वदेश ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। धन्यवाद प्रस्ताव फ्रेंच पाठ्यक्रम समन्वयक डा. साक्षी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डा. तमन्ना ने किया।*

### जनसंवाद से जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान : डॉ. गुप्ता

**हिसार।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से तुरंत बातचीत कर उनका समाधान करवाया। जनसंवाद के दौरान डॉ. तरुण भूटानी, मीनू भूटानी, प्रेम मसीह, हिमांशु सहित अनेक नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं।

ग्राम पंचायत, कैमरी, हिसार-।
श्रीमती दयावंती (सरपंच), मो. 9812070069

बोली सूचना

प्रमाणित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कैमरी में G.G.M. School में आंगनवाड़ी की कण्डम बिल्डिंग की खुली बोली दिनांक 14.09.2025 को सुबह 10.00 बजे पंचायत घर में की जाएगी। जिसमें सिक्योरिटी राशि रु. 20,000/- है। बाकी शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

हस्ता/- सरपंच
ग्राम पंचायत कैमरी, जिला हिसार

## खबर संक्षेप

### एमए अंग्रेजी की छात्रा प्रियंका रही प्रथम

**हिसार।** राजगढ़ रोड़ स्थित गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय हिसार में अंग्रेजी विभाग की सब्जेक्ट सोसायटी द्वारा 'स्पेल्लिंगस राइटिंग प्रतियोगिता ' का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्षा डॉ वंदना गोयल ने बताया कि एमए अंग्रेजी की छात्रा प्रियंका व भावना ने पहला ,दूसरा तथा मनोज कुमार बी ए अंतिम वर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ विवेक कुमार सैनी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे अपने सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लें।

### बीड़ बबरान धाम का ताली कीर्तन आज

**हिसार।** बीड़ बबरान धाम द्वारा शुरू किए गए निशुल्क ताली कीर्तन की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए हिसार की न्यू महावीर कॉलोनी में बालाजी मंदिर के सामने चौथा ताली कीर्तन 13 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। इस दौरान भजन संध्या का आयोजन करके श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा। श्याम बाबा का दरबार भी सजाया जाएगा।

### 505 ग्राम अफीम सहित एक गिरफ्तार, केस

**हिसार।** थाना बरवाला पुलिस ने टोहाना बाइपास बरवाला से 505 ग्राम अफीम सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर टोहाना बाईपास बरवाला पर नाकाबंदी कर एक संदिग्ध को पिट्ठू बैग सहित काबू किया। पूछताछ में उसकी पहचान वार्ड नंबर–12 बरवाला निवासी मनीष के रूप में हुई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी लेने पर मनीष के पिट्ठू बैग से एक पॉलिथीन थैली में 505 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने बरामद अफीम को कब्जे में लेकर आरोपी मनीष के खिलाफ बरवाला थाना में केस दर्ज कररके उसे गिरफ्तार कर लिया। बरामद अफीम के स्त्रोत और आगे की जानकारी के लिए आरोपी से पूछताछ जारी है।

### भट्टी चलाकर शराब निकालता युवक काबू

**हांसी।** जिला पुलिस क्षेत्र में नशे का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान सीआईए पुलिस ने भट्टी चला कर अवैध शराब निकाल रहे एक युवक को काबू किया है, पकड़े गए आरोपी की पहचान पाली निवासी मंदीप के रूप में हुई है। सीआईए पुलिस ने युवक के पास से 5 लीटर लाहन व 2 लीटर अवैध हथकढ़ कच्ची देशी शराब बरामद की है। एचसी मनोज ने बताया कि गश्त पड़ताल दौरान उन्हें गुप्त सुचना मिली की एक व्यक्ति अपने खेत मे बने कमरे के सामने भट्टी लगाकर अवैध शराब निकाल रहा है। सूचना के आधार पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए युवक को हिरासत में लेकर मौके से 5 लीटर लाहान, 2 लीटर कच्ची अवैध शराब, भट्टी में प्रयुक्त अन्य सामान बरामद कर कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ठेकेदार बिना पुलिस वेरिफिकेशन के कोई कर्मचारी न रखें : एसपी

# अवैध शराब की बिक्री में संलिप्तता मिली तो ठेके को कर देंगे सील: शशांक सावन

**पुलिस अधीक्षक ने शराब ठेकेदारों के साथ बैठक करके दिए आवश्यक निर्देश**



हिसार। शराब ठेकेदारों से बैठक करते पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा है कि यदि अवैध शराब की बिक्री में शराब ठेकों की संलिप्तता पाई जाती है तो संबंधित ठेका सील कर दिया जाएगा। उन्होंने शराब ठेकेदारों को निर्देश दिए कि वे कोई भी कर्मचारी बिना पुलिस वेरिफिकेशन न रखें और ठेकेदार यह भी सुनिश्चित करें कि ठेके के आसपास कोई खुले में या गाड़ी में बैठकर शराब न पीएं। एसपी शशांक कुमार सावन शुक्रवार को शराब ठेकेदारों के साथ बैठक करके उन्हें आवश्यक निर्देश दे रहे थे। उन्होंने पिछली बैठक में में उठाए गए बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में शराब ठेकेदारों द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने वालों पर कार्रवाई की मांग किए जाने पर एसपी ने शराब ठेकेदारों को विश्वास दिलाया कि अवैध रूप से शराब बेचने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अगर अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में किसी भी शराब ठेके की संलिप्तता पाई गई तो उस ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई कर शराब के ठेके को सील किया जाएगा। कोई भी ठेकेदार अवैध रूप से शराब न बिकवाएं, अवैध रूप से शराब बेचने वालों की सूचना पुलिस को दे। अपने ठेके पर तैनात कर्मचारी को भी निर्देशित करें कि वह अवैध रूप से शराब बेचने वालों को शराब न दें, अपने ठेके के आसपास खुले में या गाड़ी में बैठकर शराब न पीने दें। उन्होंने कहा कि जिस ठेके के आस पास खुले में या गाड़ी में बैठकर शराब पीने के बारे शिकायत आएगी, वहां पुलिस द्वारा और अधिक सख्ती की जाएगी। पुलिस द्वारा अवैध शराब के खुर्दे बंद करवाए जाएंगे। कोई भी ठेकेदार अवैध रूप से शराब बेचने के लिए खुर्दा न चलाएं।

### कानून के दायरे में रहकर काम करें

पुलिस अधीक्षक ने शराब ठेकेदारों से कहा कि अगर उन्हें कोई पुलिस कर्मचारी अनावश्यक परेशान करता है तो उसके बारे उन्हें बताएं लेकिन खुद पुलिस न बनें। कानून के दायरे में रहकर कार्य करें। अगर उन्हें कोई अनावश्यक रूप से तंग करता है तो पुलिस को सूचित करें। किसी भी प्रकार का लड़ाई झगड़ा होने पर डायल 112 या नजदीकी थाना में शिकायत दें। कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मेवारी है। ठेकेदार भी अपनी जिम्मेवारी निभाएं और किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना पुलिस को दें।

### वेरिफिकेशन के लिए ऑनलाइन अप्लाई करें

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आप सभी अपने कर्मचारियों की पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि जब भी कोई कर्मचारी को अप्वाइंट करें तो उनकी पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य करवाएं। बिना पुलिस वेरिफिकेशन किसी भी कर्मचारी को न रखें। ऑनलाइन वेरिफिकेशन अप्लाई करें।



हांसी। बैठक में भाग लेते भारत विकास परिषद के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## शहीद भगत सिंह स्कूल में बैठक

# देवताओं के धार्मिक चित्र व पुस्तकों के निस्तारण को लेकर बैठक की

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

देवी देवताओं के धार्मिक चित्र, पुस्तक व अन्य धार्मिक चिह्न के निस्तारण को लेकर भारत विकास परिषद पदाधिकारियों की एक बैठक शहीद भगत सिंह स्कूल में हुई।

### इन मुद्दों पर चर्चा

बैठक को संबोधित करते हुए मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम के संयोजक रमेश खरड़िया ने कहा कि कुछ लोग धार्मिक चिह्नों व सामग्रियां अकसर खुले में किसी पेड़ अथवा मंदिर आदि के प्रांगण में भी रख देते है जिससे कि वह पूजनीय सामग्री अत्यंत ही सोचनीय अवस्था में पहुंच जाती है। भारत विकास परिषद इन सब समस्याओं के समाधान के प्रयास के चलते वर्ष भर में एकत्रित सामग्री को पूर्ण विधि विधान से हवन के माध्यम से अग्नि को प्रज्ज्वलित कर धार्मिक सामग्री के निस्तारण का कार्य पिछले कई वर्षों से कर रहा है।

### लोगों से अपील

इस वर्ष धार्मिक को एकत्रित करने के लिए काठ मण्डी रोड व सिसाय पुल स्थित स्वर्गाश्रम में स्थान निर्धारित किया गया है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि धार्मिक चित्र, पुस्तक, कैलेंडर व कार्ड के अतिरिक्त अन्य कोई सामग्री जैसे मोली, फूल, वस्त्र, पतल, माला, हवन पश्चात की बची भस्मादि सामग्री इत्यादि जोकि अग्नि में प्रवाहित नहीं कर सकते को उक्त निर्धारित स्थान पर न छोड़े। बैठक में राम अवतार सिंह, दिलबाग वर्मा, अध्यक्ष दयानंद महता, सतबीर कौशिक, प्रवीण सहारा, नरेंद्र वर्मा, प्रवीण बंसल, जगदीश धमीजा, मंजीत जांगड़ा, कमलेश गर्ग, सुभाष गर्ग, सचिव श्रीचंद आहुजा उपस्थित रहे।

# 'धन्यवाद मोदी जी' कार्यक्रम का न्योता दिया'

- मेयर प्रवीण पोपली शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया

**हिसार।** 'धन्यवाद मोदी जी' कार्यक्रम 14 सितंबर रविवार को अग्रसेन भवन में होगा। इसके लिए मेयर प्रवीण पोपली शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण दे रहे है। मेयर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिए गए जीएसटी के ऐतिहासिक फैसला लिया गया है। मेयर ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कमी के जनहितकारी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करने के लिए 14 सितंबर रविवार को अग्रसेन भवन में एक विशेष कार्यक्रम 'धन्यवाद मोदी जी' का आयोजन किया जा रहा है।



हिसार। कार्यक्रम का न्योता देते मेयर प्रवीण पोपली। फोटो : हरिभूमि

### व्यापारियों व शहरवासियों को दिया न्योता

*मेयर प्रवीण पोपली ने शहरवासी और व्यापारियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे की अपील की है। इस दौरान शुक्रवार को मेयर प्रवीण पोपली ने पुरानी सब्जी मंडी, मिर्जापुर चौक, मेला ग्राउंड एरिया, डीसीएमसी कॉलोनी, बीकानेर स्वीट्स, पुष्पा कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 13, मॉडल टाउन, ओल्ड कोर्ट काम्पलैक्स, सेक्टर 27-28, कैंट मार्केट, ऑटो मार्केट के क्षेत्रवासियों और व्यापारियों को आमंत्रित किया। इस दौरान डॉ. सुमन यादव, महेश कुमार, नरेन्द्र चोपड़ा सहित व्यापारी मौजूद रहे।*

# अवलीन ने अंडर-19 नेशनल में बनाई जगह

- लोटस इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा का शतरंज में जलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭उकलाना

लोटस इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा अवलीन कुनर ने फिर दोहराया इतिहास और राष्ट्रीय स्तरीय अंडर-19 के चैंपियनशिप में अपना स्थान पक्का किया। स्कूल प्रिंसिपल आरती कुनर ने जानकारी देते हुए बताया कि अवलीन कौर ने अंडर-19 के चैंपियनशिप में राज्य स्तरीय खेलों में जिला हिसार का नेतृत्व किया और साथ ही में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन भी पेश किया। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बदौलत वह प्रतियोगिता के तीसरे दिन पूरे हरियाणा की टॉप 20 चैस प्रतिभागियों में शामिल हुई। जहां पर उनका मुकाबला नेशनल के ट्रायल के लिए आयोजित हुआ। नेशनल ट्रायल के अंदर भी अवलीन ने अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाया और नेशनल के अंदर हरियाणा की तरफ से टीम में अपना स्थान पक्का किया और हरियाणा की अंडर-19 गर्ल्स चेस टीम के अंदर टॉप 5 में सम्मिलित हुई। सबसे बड़ी उपलब्धि है 15 वर्षीय अवलीन दूसरी बार अंडर-19 में खेलेगी वहीं उम्मीद जताई की राष्ट्रीय स्तर पर भी है पदक जीतकर आए।



शानदार प्रदर्शन करने पर अवलीन कौर को सम्मानित करता स्कूल प्रबंधन।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हिसार जिले के चैस खेल के मुख्य इंचार्ज और चीफ आर्बिटर डीपीई सतीश दलाल, डीपीई नीलम मोर, मास्टर उत्तम सिंह के साथ-साथ धर्मजीत कुनर, प्रमोद कुमार इत्यादि उपस्थित रहे। चैस क्वीन अवलीन कौर के विद्यालय पहुंचने पर स्कूल मैनेजमेंट और स्टाफ सदस्यों द्वारा जमकर स्वागत किया गया और स्कूल चेयरमैन महेंद्र कुनर और प्रिंसिपल आरती कुनर ने विजेता प्रतिभागी को मैडल पहनकर सम्मानित किया।

# मंदिर से पानी की मोटर चोरी करने का आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭आदमपुर

पुलिस ने लाडवी गांव के रामदेव मंदिर से पानी की मोटर चोरी के मामले में गांव के ही सुरेंद्र उर्फ सुंदर को गिरफ्तार करके चोरीशुदा मोटर बरामद की है।

मुख्य सिपाही मंजीत सिंह ने बताया कि 8 सितंबर को रामदेव मंदिर के पुजारी महेंद्र सिंह ने पानी की मोटर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करके मोटर बरामद की गई। पूछताछ उपरांत आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### स्विफ्ट गाड़ी से 162 बोतल देशी शराब बरामद

**हिसार।** आजाद नगर पुलिस ने गंगवा वाटर वर्क्स के सामने से एक स्विफ्ट गाड़ी सवार व्यक्ति को काबू कर 162 बोतल देशी शराब बरामद की है। एएसआई महिपाल ने बताया कि पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गंगवा वाटर वर्क्स के सामने नाकाबंदी की। कुछ समय बाद सिवानी की ओर से आ रही स्विफ्ट गाड़ी को रोककर चालक को काबू किया गया। पूछताछ में आरोपी की पहचान गंगवा निवासी मोनू सीलन के रूप में हुई। तलाशी लेने पर गाड़ी में गत्ते की पेटियों से 162 बोतल देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने बरामद शराब और स्विफ्ट गाड़ी को कब्जे में ले लिया।

# स्वयं सैनी ने राज्य स्तर पर जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

**बैडमिंटन प्रतियोगिता में छाया हिसार का खिलाड़ी**

फरीदाबाद में हुई हरियाणा राज्य स्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्थानीय शटल मास्टर बैडमिंटन एकेडमी के खिलाड़ी स्वयं सैनी ने अंडर-19 (ब्वॉयज) में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर अपना व एकेडमी का नाम रोशन किया है।

कोच साहिल थरेजा ने बताया कि एकेडमी के सभी खिलाड़ी समय-समय पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मैडलों की बौछार करते रहते हैं। अब स्वयं सैनी ने अपना दमदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मैडल जीतने में कामयाबी पाई। कोच साहिल थरेजा ने स्वयं सैनी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी।



हिसार। राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतने वाला स्वयं सैनी अपने कोच साहिल थरेजा के साथ। फोटो : हरिभूमि

# जेसीआई हांसी फोर्ट ने किया बिजनेस ट्रेनिंग का आयोजन

**प्रतिभागियों को मिला नया मार्गदर्शन**

- बेहतर प्रबंधन के तरीकों और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से मार्गदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

जेसीआई वीक के चौथे दिन जेसीआई हांसी फोर्ट द्वारा अंबेडकर चौक के समीप बिजनेस ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र में ट्रेनर कृष्ण कुमार ने प्रतिभागियों को व्यवसाय के नए आयामों, बेहतर प्रबंधन के तरीकों और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बिजनेस ग्रोथ के साथ-साथ व्यक्तिगत विकास के लिए भी जरूरी सुझाव सांझा किए। जेसीआई हांसी फोर्ट के प्रधान सर्वेश सैनी ने कहा कि जेसीआई का उद्देश्य युवाओं और व्यवसायियों को नेतृत्व व व्यवसायिक कौशल में दक्ष बनाना है। इस अवसर पर जेसी अजय नामदेव, अनिल तनेजा, अशोक रोहिल्ला, निरंजन कक्कड़ और अतुल गोयल, संदीप सिंगला, नरेंद्र भ्याणा, सुरेंद्र महादेव, ऋषि सैनी, गौतम सिंह व अन्य मौजूद रहे।



हांसी। बिजनेस ट्रेनर कृष्ण कुमार को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करते जेसीआई हांसी फोर्ट के प्रधान सर्वेश सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# हिसार इवेंट एसोसिएशन ने ट्रस्ट के निजीकरण के लगाए आरोप

**हिसार।** हिसार इवेंट एसोसिएशन ने एकजुट होकर अग्रसेन भवन ट्रस्ट के निजीकरण के आरोप लगाते हुए इसके खिलाफ आवाज बुलंद की है। इस संदर्भ में पत्रकार वार्ता के माध्यम से पूरी स्थिति को स्पष्ट किया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि अग्रसेन भवन ट्रस्ट द्वारा निजी व्यक्ति को अग्रसेन भवन में शादी, भजन, कीर्तन, मीटिंग व अन्य कार्यक्रमों में काम करने के लिए अधिकृत कर दिया गया है। ऐसा करना गैरकानूनी व नाजायज है। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि इसकी एवज में अग्रसेन भवन द्वारा 85 लाख रुपये उचंती लिए गए हैं जो कि गैरकानूनी है। इसलिए सरकार व प्रशासन को इन पैसों की जांच करनी चाहिए। एसोसिएशन पदाधिकारी अनूप बिंदल, सतीश गोयल, सुमित डालमिया व रोहित शर्मा ने बताया कि अग्रसेन भवन ट्रस्ट द्वारा किया गया यह कार्य अनैतिक है और इससे 500 से अधिक परिवारों का रोजगार खत्म हो जाएगा।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## अधिकारी बोले- शहर की स्वच्छता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

# स्वच्छता पर नगर निगम सख्त, खुले में कचरा डालने पर काटे चार के चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

स्वच्छता को लेकर नगर निगम प्रशासन अब सख्त हो गया है। नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत में अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा आईटीआई चौक पर पहुंचे तो वहां पर सेकेंडरी प्वाइंट पर कचरा डालने पर एक व्यक्ति का चालान किया गया। इसके अतिरिक्त 3 अन्य व्यक्तियों के द्वारा सेकेंडरी प्वाइंट व खुले में कचरा डालने पर 200-200 रूपये के चालान किए गए है। कपिल एएसआई ने बताया कि आईटीआई चौक पर बने सैकण्डरी प्वाईंट व इसके आस-पास न्यू मॉडल टाउन निवासी या आईटीआई चौक पर रेहड़ी लगाने वाले नगर निगम के सेकेंडरी प्वाईंटों पर कचरा डाल जाते है। जिसे गंभीरता से लेते हुए नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। टीम ने भविष्य में भी खुले में कूड़ा डालने पर कार्रवाई जारी रखने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि कार्रवाई जारी रहेगी।

### 7 दुकानदारों के डस्टबिन न रखने पर चालान

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान निरंतर चलाए जा रहे हैं। नगर निगम ने शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने बस स्टैण्ड के नजदीक अभियान चलाकर साफ-सफाई, डस्टबिन और कचरा प्रबंधन की स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि क्षेत्र में रेहड़ी संचालकों और दुकानदारों द्वारा डस्टबिन का उपयोग नहीं किया जा रहा था। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने पर निगम ने कुल 7 व्यक्तियों के खिलाफ 700 रुपये का जुर्माना वसूला।

### सेक्टर 14 के सफाई कार्यो का किया निरीक्षण

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत शुक्रवार को निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार एक्सईएन अमित कौशिक ने सेक्टर-14 का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले सुभाष पार्क में हो रहे सफाई कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान सीटीएल प्रदीप जाखड़, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू, बागवानी शाखा के जेई सुमित नुनाच, प्रधान अजय जिन्दल सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

### 45 बेसहारा पशुओं को पकड़ भेजा गो-अभ्यारण

नगर निगम द्वारा शुक्रवार को 45 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गो-अभ्यारण भेजा गया। इस अभियान के नोडल ऑफिसर ऑफिस सहायक सुरेन्द्र वर्मा को लगाया गया है। इस दौरान पुलिस विभाग की टीम, तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा व उनकी पूरी टीम मौजूद रही। एएसआई संदीप ने बताया कि शहर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने के अभियान की शुरुआत श्याम विहार से की गई। इसके बाद सुरजमल इन्कलेव, कैमरी रोड, पड़ाव चौक, पटेल नगर, पड़ाव ऑटो मार्केट, जहाजपुल चौक रोड, नई सब्जी मण्डी के आस-पास के क्षेत्र से 45 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण ढंढूर भेजा गया।



### एजेंसी लिगेसी वेस्ट का प्रोसेसिंग कर जल्द से जल्द उठान करें: निगमायुक्त

**हिसार।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए निगमायुक्त नीरज ने ढंढूर डंपिंग साइट और वार्ड 14 में स्थित एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया। निगमायुक्त नीरज लगातार सफाई और कचरा प्रबंधन से जुड़े क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने ढंढूर डम्पिंग साइट का दौरा किया जहां करणी कॉरपोरेशन एजेंसी द्वारा कचरा प्रॉसेसिंग की प्रक्रिया चल रही है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने एजेंसी को स्पष्ट आदेश दिए कि जो एंजेसी लींगेसी वेस्ट को जल्द से जल्द प्रोसिसिंग कर मटीरियल वहां से तुरंत उठाएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रॉसेसिंग में देरी सहन नहीं होगी। निगमायुक्त ने कहा कि डम्पिंग साइट पर जमा हुआ कचरा अधिक समय तक न पड़े और प्रक्रिया समाप्त करते ही उसकी उठान हो जाए। ढंढूर के निरीक्षण के बाद, निगमायुक्त नीरज ने सेक्टर-13 के वार्ड-14 में स्थित एमआरएफ (मैटीरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर का भी जायजा लिया। इस केंद्र की सफाई, रखरखाव और कार्यक्षमता पर उन्होंने विशेष ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र में पड़े वेस्ट मटीरियल की ऑक्शन की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए। निरीक्षण के दौरान एक्सईएन जयबीर डूडी, जेई ऋत्विक, जेई नवीन, और करणी कॉरपोरेशन एजेंसी के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।